# विशेषण (Adjectives)







यह आम

यह आम मीठा है ।

यह आम ताजा है ।

यहाँ पर आम के लिए रसभरा, मीठा,ताजा आदि शब्द द्वारा आम के गुण दर्शाये जा रहे है, यही विशेषण है।

## परिभाषा

---

विशेषण

संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि ) प्रकट करने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे - बड़ा, **रसभरा**, मीठे, ताजा, काला, लंबा, सुन्दर, कायर, दयालु, भारी, दो आदि।

विशेष्य जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्द की विशेषता प्रकट की जाए वह विशेष्य कहलाता है।
यह आम मीठा है।
इसमें मीठा विशेषण है और आम विशेष्य है।
विशेषण शब्द विशेष्य से पहले भी आते हैं और उसके बाद भी।
उदाहरण :
दो किलो चावल दो।
आम खट्टा है।

विशेषण के भेद (Kinds of Adjectives)

विशेषण के चार भेद हैं-




## 1. गुणवाचक विशेषण(Qualitative Adjective)

जो विशेषण शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों के गुण दोष बताते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | भाव | बुरा, कायर, वीर, डरपोक आदि। |
| 2 | रंग | हरा, पीला, सफेद, काला आदि। |
| 3 | दशा | पतला, मोटा, सूखा, गाढ़ा, पिघला, भारी आदि। |
| 4 | आकार | गोल, सुडौल, नुकीला आदि। |
| 5 | समय | दोपहर, संध्या, सवेरा आदि। |
| 6 | स्थान | बाहरी बाहर, ऊपर, किनारे, नीचे आदि। |
| 7 | गुण | बुरा, सुन्दर, मीठा, खट्टा, दानी आदि। |
| 8 | दिशा | पूर्वी, पश्चिमी आदि। |

**2** परिमाणवाचक विशेषण **(Quantitative Adjective)**

जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा अथवा नाप-तोल का बोध कराते हैं, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

**परिमाणवाचक विशेषण के दो उपभेद है-**

**निश्चित परिमाणवाचक**



बाजार जाकर दो सेर घी ले आओ।

जो विशेषण शब्द वस्तु की निश्चित मात्रा का बोध कराते है, उन्हें निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

**अनिश्चित परिमाणवाचक**



मैंने आज बहुत सारा खाना खाया।

जो विशेषण शब्द वस्तु की अनिश्चित मात्रा का बोध कराते है, उन्हें अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।

**3** संख्यावाचक विशेषण (**Numeral Adjective)**

जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराते है, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

संख्यावाचक विशेषण के दो उपभेद हैं-

निश्चित संख्यावाचक विशेषण

जिन विशेषण शब्दों से निश्चित संख्या का बोध हो, उन्हें निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

जिन विशेषण शब्दों से निश्चित संख्या का बोध न हो, उन्हें अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।



दोनों बहनों ने प्रतियोगिता में पुरस्कार जीते ।



कुछ बच्चे चित्र देख रहे हैं।

**4 सार्वनामिक विशेषण/ संकेतवाचक विशेषण (Demonstrative Adjective)**

जो सर्वनाम शब्द संज्ञा शब्दों से पहले आते है और उसकी ओर संकेत करते हैं, उन्हें सार्वनामिक विशेषण / संकेतवाचक विशेषण कहते हैं।उदाहरण

| | |
|---|---|
| यह रोहन की पुस्तक है। | निश्चयवाचक सर्वनाम |
| यह पुस्तक रोहन की है। | सार्वनामिक विशेषण |

संख्यावाचक और परिणामवाचक में अंतर

संख्या वाचक

कुछ विद्यार्थी

(गिन सकते हैं)

बहुत सेब

(गिन सकते हैं )

परिणामवाचक

कुछ आटा


तौल सकते हैं ,गिन नहीं सकते )

बहुत बारिश

(मात्रा बता सकते हैं ,गिन नहीं सकते )

सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण में अंतर

यदि सर्वनाम शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर हो तो वे सर्वनाम कहलाते हैं ,परन्तु जब सर्वनाम शब्दों का प्रयोग संज्ञा या सर्वनाम के पहले उनकी विशेषता बताने के लिए हो तो वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते है जैसे



# प्रत्ययों के योग से विशेषणों की रचना

## विशेषणों की रचना

**संज्ञा से विशेषण बनाना**

1. ‘ इक ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| इक | अर्थ | आर्थिक |
| | दिन | दैनिक |
| | परिवार | पारिवारिक |
| | इतिहास | ऐतिहासिक |
| | वेद | वैदिक |

2. ‘इत ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| इत | सुरभि | सुरभित |
| | चिंता | चिंतित |
| | अपमान | अपमानित |
| | अपेक्षा | अपेक्षित |
| | तरंग | तरंगित |

3. ‘इम ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
| --- | --- | --- |
| इम | रक्त | रक्तिम |
| | **आदि** | **आदिम** |
| | **अंत** | **अंतिम** |

4. ‘ **ई** ’ **प्रत्ययजोड़कर**

| **प्रत्यय** | **संज्ञा** | **विशेषण** |
| --- | --- | --- |
| **ई** | **जंगल** | **जंगली** |
| | **प्रेम** | **प्रेमी** |
| | **गुलाब** | **गुलाबी** |

5. ‘**ईय** ’ **प्रत्ययजोड़कर**

| **प्रत्यय** | **संज्ञा** | **विशेषण** |
| --- | --- | --- |
| **ईय** | **जाति** | **जातीय** |
| | **मानव** | **मानवीय** |
| | **दर्शन** | **दर्शनीय** |

6. ‘**ईन** ’ **प्रत्ययजोड़कर**

| **प्रत्यय** | **संज्ञा** | **विशेषण** |
| --- | --- | --- |
| **ईन** | **रंग** | **रंगीन** |
| | **नमक** | **नमकीन** |
| | **ग्राम** | **ग्रामीण** |

7. ‘**ईला** ’ **प्रत्ययजोड़कर**

| **प्रत्यय** | **संज्ञा** | **विशेषण** |
| --- | --- | --- |
| **ईला** | **रस** | **रसीला** |
| | **जोश** | **जोशीला** |
| | **नोक** | **नुकीला** |

8. ‘आलु ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| आलु | ईर्ष्या | ईर्ष्यालु |
| | दया | दयालु |
| | कृपा | कृपालु |

9. ‘मय ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| मय | दुख | दुखमय |
| | आनंद | आनंदमय |

10.‘वी ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| वी | तपस | तपस्वी |
| | मनस | मनस्वी |

11.‘मान ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| मान | बुद्धि | बुद्धिमान |
| | गति | गतिमान |

12.‘वान ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| वान | गुण | गुणवान |
| | विद्या | विद्यावान |

13.‘वाला ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| वाला | चाय | चायवाला |
| | पैसा | पैसेवाला |

14. ‘दार ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| दार | चमक | चमकदार |
| | दुकान | दुकानदार |

15. ‘नाक ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| नाक | दर्द | दर्दनाक |
| | खतरा | खतरनाक |

16. ‘मती ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| मती | बुद्धि | बुद्धिमती |
| | श्री | श्रीमती |

17. ‘निष्ठ ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| निष्ठ | कर्म | कर्मनिष्ठ |
| | धर्म | धर्मनिष्ठ |

18. ‘मय ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| मय | दुख | दुखमय |
| | पाप | पापमय |

19. ‘दायक ’ प्रत्ययजोड़कर

| प्रत्यय | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| दायक | लाभ | लाभदायक |
| | फल | फलदायक |

सर्वनाम से विशेषण बनाना

| सर्वनाम | विशेषण |
|---|---|
| यह | ऐसा |
| वह | वैसा |
| कौन | कैसा |
| हम | हमारा |
| जो | जैसा |
| मैं | मेरा |
| तुम | तुमसा |
| आप | आपसा |

क्रिया से विशेषण बनाना


| क्रिया | विशेषण |
|---|---|
| वंद | वंदनीय |
| पूज | पूजनीय |
| पठ | पठित |
| कमाना | कमाऊ |
| लूटना | लूटेरा |
| खाना | खाऊ |

अव्यय शब्दों से विशेषण बनाना

| शब्द | विशेषण |
|---|---|
| पीछे | पिछला |
| ऊपर | ऊपरी |
| आगे | अगला |

## ध्यान दें

संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं “इसके चार प्रकार हैं - गुणवाचक ,परिणामवाचक, संख्यावाचक, सार्वनामिक ।



जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे विशेष्य कहलाते हैं ।

विशेषण शब्द की विशेषता बतानेवाले शब्द प्रविशेण कहलाते हैं।

सार्वनामिक विशेषण में संज्ञा शब्द के आगे सर्वनाम शब्द लगता है ।